सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली

हिंडौन सिटी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले उपखंड स्तरीय समारोह की तैयारी को लेकर उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर ने मंगलवार को सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली जिसमें आवश्यक जिम्मेदारियां सोप गई। आयोजित बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी गुर्जर ने मौजूद सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि देश की आजादी के पर्व को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ पारम्परिक तरीके से मनाया जाना है। इस दौरान उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी विभागों के कार्यालयों पर प्रात: 8:00 बजे ध्वजारोहण करना होगा। इसके बाद 9:00 बजे मोहन नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर उपखंड स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मंच व्यवस्था, मार्च पास्ट, ध्वज सलामी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंडाल व पीटी परेड आदि की जिम्मेदारियां अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई। इस दौरान बताया गया की सांस्कृतिक कार्यक्रमों का 13 अगस्त को अंतिम चयन कर कमेटी कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वहीं सभी व्यवस्थाओं का अंतिम रूप से निरीक्षण करने की जिम्मेदारी तहसीलदार हिंडौन को सौंपी गई।

संभागीय आयुक्त वर्मा ने प्रवेशद्वार एवं सफाई घर का लोकार्पण किया

भरतपुर (निस)। समृद्व भारत अभियान एवं डॉ. विनोद गुप्ता हॉस्पिटल की ओर से राजेन्द्र नगर को स्वच्छ, सुन्दर, हरित एवं आदर्श बनाने के लिए आदर्श कॉलोनी राजेन्द्र नगर प्रवेश द्वार तथा सफाई घर का लोकार्पण संभागीय आयुक्त डॉ. सावंरमल वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। जबकि डॉ विनोद गुप्ता हॉस्पिटल के संचालक डॉ विनोद गुप्ता, डॉ. ऋतु गुप्ता विशिष्ठ अतिथि रहे। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि आदर्श कॉलोनी राजेन्द्र नगर की तरह शहर की अन्य कॉलोनियों के निवासी भी कॉलोनी के विकास में सहयोग करें, तो निश्चित ही कॉलोनी व शहर का तेजी से विकास होगा और कॉलोनी स्वच्छ, हरित व विकसित बन जाऐंगी। उन्होने कहा कि राजेन्द्र नगर कॉलोनी के निवासियों ने समस्याओं से अवगत कराया है। उक्त समस्याओं का नगर निगम के सहयोग से समाधान कराया जाऐंगा। उन्होने कॉलोनी निवासियों से आग्रह किया कि कॉलोनी को स्वच्छ, सुन्दर, हरित एवं आदर्श बनाने के कार्य में निरन्तर प्रशासन का सहयोग करे। निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि कॉलोनी को स्वच्छ, सुन्दर, हरित एवं आदर्श बनाने में सभी

आदर्श कॉलोनी राजेन्द्र नगर प्रवेश द्वार तथा सफाई घर का लोकार्पण संभागीय आयुक्त वर्मा के मुख्य आतिथ्य अध्यक्षता में हुआ।

कॉलोनीवासियों का सहयोग रहा है। प्रयास यह किया गया है कि प्रत्येक आवास के सामने 3-3 पौधे लगाए गए है जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी आवास के मालिक को दी गयी है। उन्होने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार की तर्ज पर आदर्श कॉलोनी राजेन्द्र नगर में दो तथा रनजीत नगर में एक सफाई घर लगाए गए। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त वर्मा ने प्रवेशद्वार एवं सफाई घर का लोकार्पण करने से पहले कॉलोनी के विकास में उल्लेखनीय सहयोग देने पर डॉ. विनोद गुप्ता, पयावरण विद बच्चू सिंह वर्मा, पार्षद प्रेमपाल सिंह, सतीश मित्तल का माल्यार्पण कर शॉल ओढाकर एवं प्रतिक चिन्ह भेट कर सम्मान किया। संभागीय आयुक्त को राजेंद्र नगर विकास समिति द्वारा एक मांग पत्र भी प्रस्तुत किया गया। जिसमे वर्षा जल की निकासी एवं खाली पडे प्लॉटों की सफाई करा कर प्लौट मालिकों के निर्माण करने के नोटिस जारी करने की मांग की है। शुभारंभ के अवसर पर कुम्हेर सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, नारायण सिंह नरुका, लक्ष्मी नारायण, नरेन्द्र गुप्ता, विष्णु मित्तल, डॉ.सतीश कुमार पालीवाल, डॉ पदमेश शर्मा, डॉ अनिल गुप्ता, डॉ आरडी गोयल, सुनीता शर्मा, सीमा रानी, आकाश सक्सैना, पुष्पेन्द्र कटैला, मनीष गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, दीनदयाल गुप्ता, सुभाषचन्द सिंघल, केपी शर्मा, डॉ अंकुर गुप्ता, लक्ष्मण पाठक सहित कॉलोनी के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लायंस क्लब बैठक संपन्न

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की ओर से यहां होटल आरआरआर में रीजन चेयर पर्सन लायन प्रवीण फौजदार के मुख्य आथित्य में बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नए सत्र में जुलाई माह के दौरान किए गए कार्यों के विवरण सहित समीक्षा की गई एवं आगामी 14 अगस्त को होने वाले अधिष्ठापन समारोह के आयोजन को भव्य बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कोहिनूर क्लब से एमजेएफ बनने पर प्रवीण फौजदार एवं पीएमजेएफ बनने पर प्रेमपाल सिंह का अभिनंदन किया गया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य आरसी सिंघल, ओपी गुप्ता ने कहा कि क्लब का मतलब ही जोड़ना होता है और मित्रता दिवस पर रखी गई। इस बैठक का सार्थक प्रयास यही रहना चाहिए कि हम सब आपस में एक दूसरे के मित्र और शुभचिंतक बनकर काम आ सकें। पीड़ित मानवता की सेवा कर सकें। इस मौके पर मित्रता दिवस के उपलक्ष में लायन साथियों ने एक दूसरे को बधाई दी और नाच गाकर मित्रता दिवस सेलिब्रेट किया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव रामवीर सिंह डागुर, कोषाध्यक्ष कमल कपूर, पूर्व अध्यक्ष अशोक ताम्बी, अजय मंघा, केपी सिंह, अनिल अरोड़ा, रूपेंद्र चौधरी, राज कुमार सिंह, ज्ञान सिंह गुर्जर, मनोज फौजदार, डॉ मनीष चौधरी,गोविंद खण्डेलवाल सहित सभी लायन साथियों ने आगामी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने की बात कही।

सार-समाचार

बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। लोहागढ़ विकास परिषद की बैठक भरतपुर स्थापना दिवस कार्यक्रम संयोजक अनुराग गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में भरतपुर के लाल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भरतपुर विकास के लिए बजट में की गई कल्याणकारी योजनाओं यथा भरतपुर नगर निगम को भरतपुर विकास प्राधिकरण बनाया जाना, राजा खेमकरण एवम गोकुला जाट पैनोरमा बनाया जाना, सारस चौराहे सहित अन्य चौराहों पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की घोषणा, राजस्थान में बहुप्रतीक्षित ईआरसीपी योजना को अमली जामा पहनाने जैसे कार्यों से समूचे शहर वासियों में उमंग का संचार हुआ है। इस बैठक में परिषद के जिला समन्वयक योगेश शर्मा ने कहा कि वर्षों से विकास की दौड़ में पिछड़े भरतपुर की ओर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए लोहागढ़ विकास परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। संयोजक अनुराग गर्ग ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भरतपुर में विकास की घोषणाओं की बौछार करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल के भरतपुर आगमन पर नागरिक अभिनंदन की योजना बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की दिनांक निश्चित होने पर भरतपुर की विविध सामाजिक एवम व्यापारिक संस्थाओं से संपर्क कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस बैठक में नरेंद्र निर्मल, मनोज तिवारी, संतोष खंडेलवाल, सुनील मित्तल, शंकरलाल गुप्ता शोभा गुप्ता वीरवती आदि की उपस्थिति रही। बैठक के समापन पर संतोष खंडेलवाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

वरिष्ठ सहायक का पदभार संभाला

सूरौठ। तहसील के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रिक्त चल रहे वरिष्ठ सहायक के पद पर मंगलवार को रश्मि शर्मा ने पदभार ग्रहण किया ,प्रधानाचार्य सोहन सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय विद्यालय में वरिष्ठ सहायक का पद रिक्त चल रहा था शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक भरतपुर के आदेशानुसार मंगलवार को रश्मि शर्मा ने वरिष्ठ सहायक का पदभार ग्रहण कर लिया, वरिष्ठ सहायक की पोस्ट भर जाने पर विद्यालय में कार्यालय से संबंधित कार्य संपादित करेंगे साथ ही विद्यालय की व्यवस्था में भी सहयोग मिलेगा,इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल प्रवीण कुमार जोशी, सेवानिवृत्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीनदयाल शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र कुमार गौड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार मीणा, व्याख्याता लक्ष्मण मित्तल, आदि उपस्थित रहे।

ड्यूटी मजिस्टेट की नियुक्ति

करौली(नि.स.)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजवीर सिंह चैधरी ने एक आदेश जारी कर मुख्यमंत्री कि 7 अगस्त को मीनधाम नारेश्वर में प्रस्तावित दौरे को देखते हुए तहसीलदार दिलीप अग्रवाल को ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जिनका कार्य स्थल मीनधाम नारेश्वर निशाना गोरेहार मंदिर परिसर रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपखण्ड अधिकारी सपोटरा बृजेश गुप्ता को हैलीपेड स्थल पर, तहसीलदार मंडरायल सुरेन्द्र सिंह आर्य को प्रस्तावित यात्रामार्ग व तहसीलदार सपोटरा नवल किशोर शर्मा को प्रस्तावित सभास्थल एवं पौधारोपण कार्यक्रम स्थल पर ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

दो दिवसीय समारोह 8 से

करौली(नि.स.)। राजस्थान आदिवासी मीना महासभा के तत्वाधान में ससेडी मोड़ मण्डरायल रोड़ करौली में संस्थान के परिसर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजकुमार नारोली ने बताया कि दो दिवसीय समारोह 8 अगस्त प्रात 8:00 बजे से 9अगस्त शाम 6:00 बजे तक रहेगा। जिसमें आदिवासी दिवस सम्मान, भामाशाहों का सम्मान, मीना संस्कृति का प्रतीक सुड्डा गायन पुरूष व कन्हैया गायन रखा गया है। जिसमें कन्हैया गायन पहाड़ी गांव की पार्टी, सुड्डा गायक पार्टी डा.भरत एण्ड पार्टी कालाखाना,पन्नू सिंह गुरदह, खुशीराम एण्ड पार्टी मण्डावरा भाग लेंगी। समारोह में एसटी, एससी समाज के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। अधिक संख्या में भाग ले कर व्यापारी एकता का परिचय देकर व्यापारी समस्याओं के समाधान के समाधान हेतु सम्मेलन को सफल बनाने का आहवान किया।

साइबर ठगी के आरोपी गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत गंगापुर सिटी साइबर टीम की मदद से पुलिस ने दो लोगों गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा ने बताया कि साइबर सैल प्रभारी विजय सिंह मीना के नेतृत्व में साइबर टीम गंगापुर सिटी द्वारा ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत कार्रवाई करते हुए लड़की बनकर ऑनलाइन अनजान लोगों को वाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रति मिनट के चार्ज पर न्यूड वीडियो एवं फोटो दिखाकर ठगी करने वाले अब तक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, चार बैंक पासबुक, दो एटीएम, एक चेक बुक एवं विभिन्न लोगों के पहचान संबंधी कागजात बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों के बैंक खातों में ठगी के शिकार लोगों से क्रेडिट हुए लाखों रुपयों का फोनपे, गूगल पे के माध्यम से ट्रांजेक्शन मिला है।

सायबर ठगों के विरूद्ध कार्यवाही,19 आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। भरतपुर पुलिस ने सायबर ठगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 2 विधि से संघर्षरत बालकों सहित कुल 19 को गिरफ्तार किया। 1 साइबर ठग पुलिस के साथ मुठभेड में घायल भी हुआ। महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर राहुल प्रकाश ने बताया है कि साईबर ठगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन एन्टी वायरस के तहत पुलिस थाना कांमा, जुरहरा, गोपालगढ, सीकरी, खोह, डीएसटी डीग एवं रेंज स्पेषशल टीम द्वारा सायबर ठगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 2 विधि से संघर्षरत बालक सहित कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस थाना कांमा द्वारा साइबर ठगों की लोकेशन पर बोलखडा के जंगलों में पुलिस पहुंची तो साइबर ठगों ने खुद को पुलिस की गिरफ्त में आने से बचाने के लिये पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से अवैध हथियारों से ताबडतोड फायरिंग की। पुलिस बल के द्वारा स्वयं का बचाव करते हुये और जान की परवाह ना करते हुये जबावी फायरिंग की। जिसमें साकिर मोहम्मद उर्फ साकिर पुत्र पहलू जाति फकीर उम्र करीब 19 साल निवासी गांव बॉलखेडा थाना कामां के दांहिने पैर में गोली लगने से गिरने के उपरन्त पुलिस ने ठग के हाथ से अवैध देशी 315 बोर का कट्टा एवं जिन्दा कारतूस छीन कर बरामद किया गया। आरोपियों के द्वारा फर्जी सिम एवं इलैक्ट्रोनिक संसाधनों का उपयोग करके सामान बेचने का झांसा देकर, महिलाओं को मां बनाने का विज्ञापन देकर, लोगों को अश्लील वीडियो दिखाकर प्रवंचना पूर्ण उपायों से स्क्रीन रिकोर्डर से वीडियो रिकोर्ड करके नग्न वीडियो को वायरल करने का भय दिखाकर छल पूर्वक रूपये ऐंठ लेते है।

विधायक डॉ. गर्ग ने विधान सभा में साइबर क्राइम को लेकर उठाया मुद्दा

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्य विधान सभा में भरतपुर एवं डीग जिले में हो रहे साइबर क्राइम पर सवाल उठाते हुये कहा कि पिछले दिनों साइबर क्राइम के 175 मुकदमे दर्ज किये गये थे लेकिन 118 मुकदमों में एफआर लगा दी गई। जो भ्रष्टाचार को अंकित करता है।

उन्होंने पुलिस व राजनैतिक रूप से प्रभावशाली लोगों द्वारा साइबर क्राइम को लेकर अवैध रूप से की जा रही वसूली पर सरकार से इनके खिलाफ जांच कराने का मुद्दा उठाया।

डॉ. गर्ग ने प्रश्न काल में राज्य विधान सभा में कहा कि भरतपुर एवं डीग जिले के मेवात क्षेत्र में साइबर क्राइम पनप रहा है और पिछले दिनों

> ■ विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्य विधान सभा में पुलिस व राजनैतिक रूप से प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध वसूली करने की जांच कराने की मांग की

साइबर क्राइम के 175 मुकदमें दर्ज किये गये थे। जिनमें से 118 मामलों में एफआर लगा दी गई, उन्होंने कहा कि पुलिस बेगुनाहों को पकड कर ले जाती है और अगले दिन लेन देन कर उन्हें छोड देती है।

उन्होंने इसकी जांच एटीएस अथवा एसओजी से कराने की मांग करते हुये कहा कि पुलिस राजनैतिक रूप से प्रभावशाली लोगों से मिलकर साइबर क्राइम के मामलों में वसूली करती है।

उन्होंने पुलिस व राजनैतिक रूप से प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध वसूली करने की जांच कराने की मांग को जोरदारी के साथ उठाया।

विधायक डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा साइबर क्राइम के प्रश्न को लेकर अधिकांश मामलों में एफआर लगाने को स्वीकार करते हुये सम्बन्धित मंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और जैसा कि उन्हें पुलिस से जानकारी मिली है कि बेगुनाहों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है फिर भी उनके द्वारा बताये गये वसूली के प्रश्न पर जानकारी ली जायेगी।

इनामी बदमाश गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। भुसावर थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने के मामले में थाना भुसावर के टॉप-10 आरोपी एवं 5000 रूपये के ईनामी बदमाश मोनू उर्फ बालकिशन को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीना व वृत्ताधिकारी वृत्त भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा आरपीएस के नेतृत्व में थानाधिकारी थाना भुसावर सुनील कुमार गुप्ता मय गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर थाना भुसावर के प्रकरण में नाबालिग का अपहरण कर सामुहिक दुष्कर्म करने के मामले में करीब 11 माह से वांछित चल रहे 5000 रूपये के ईनामी बदमाश मोनू उर्फ बालकिशन पुत्र श्याम उम्र 25 साल जाति मीना निवासी निठार थाना भुसावर को बस स्टेण्ड दौसा से दस्तयाब कर प्रकरण में गिरफतार किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

रूपवास । कस्बे के जटमासी रोड़ स्थित कोर्ट वाले हनुमान मंदिर के पास जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने बार रुम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले रूपवास पहुंचने पर पुलिस के जवानों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद गोयल रिसोर्ट में आयोजित समारोह में जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ताओं को सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता एडीजे प्रशांत शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीजेएम स्नेहा जाखड़,न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति भगवती, न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋषि गुप्ता,वृत्ताधिकारी श्वेता पाठक मौजूद थी। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक ने कहा कि बार बैंच के आपसी सामंजस्य से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण होने पर पक्षकारों व पीड़ित व्यक्ति को को समय से न्याय मिलना चाहिए। अधिवक्ताओं को सभी सुख सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए जिसके वो हकदार हैं। एक अधिवक्ता का सम्पूर्ण जीवन अपने पक्षकार को समय से न्याय दिलाने में निकल जाता है। इससे पहले बार संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने बार संघ की समस्याओं को लेकर 8 सूत्रीय मांग पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपा। इससे पहले बार संघ के अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं अन्य अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक मजिस्ट्रेट का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर व सीजेएम स्नेहा जाखड़,न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति भगवती,सीओ श्वेता पाठक का पुष्प गुच्छा भेंटकर,शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंटकर स्वागत सम्मान किया। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एडीजे स्थाई कोर्ट,एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग के अलावा न्यायालयों के लिए भूमि आवंटन कराने की मांग की।

राशन विक्रेता की हड़ताल खत्म

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति अव्ह्यान पर 1 अगस्त से जारी हड़ताल के छटवे दिन प्रदेश मे संघर्ष समिति से राज सरकार के खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म कर राशन वितरण करने का आव्हान किया। राशन डीलर एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष राकेश गिरसै ने बताया कि आज से वितरण शुरु कर देंगे और बताया कि आप लोगों के दबाव के चलते चारों संगठनों को एक जगह जाकर के आपकी बात को रिप्रेजेंटेटिव करने के लिए हड़ताल में समर्थन किया गया और आज छठे दिन खाद्य मंत्री से सुमित गोदारा के निवास पर वार्ता हुई। वार्ता में स्पष्ट है कि मानदेय के लिए सरकार साढे आठ सौ करोड़ का बजट का भार आएगा।

विधिक जागरूकता शिविर लगाया

भरतपुर (निस)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया।

सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आशुतोष गुप्ता, पुनीत गर्ग डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल भरतपुर एवं सुरेंद्र पाठक असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल भरतपुर ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानून की जानकारी देकर विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और विधिक जागरूकता शिवहर की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा की आम जन को उनके हितकर कानून की जानकारी देना बेहद जरूरी है। विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है जो बेहद सराहनीय है। आशुतोष गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कोई भी विधिक समस्या हो कोई परेशानी हो विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आकर निशुल्क विधिक सेवा का लाभ उठा सकते हैं। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य आपसी राजीनामे से विवादों का निपटारा करना तथा आमजन को सामान्य कानून की जानकारी देना है।

कंटीली झाड़ियों से दुर्घटना की आशंका

जनूथर (निस)। ग्राम पंचायत दांतलौठी के ग्राम नगला जनूथर से कस्बा जनूथर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के किनारे जगह जगह खडे बिलायिती बबूलों सहित उगी कंटीली झाड़ियों से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कहीं कहीं तो बिलायिती बबूलों से सड़क मार्ग सघन रुप से आच्छादित हो गये हैं।

जिससे पैदल राहगीरों को सामने से आने वाले चौपहिया-दुपहिया वाहन जरा भी नजर नहीं आते। जिससे आपसी टकराव के हालात बन जाते हैं। इस सड़क मार्ग पर दैनिक रोजमर्रा का सामान खरीदने सहित पैदल राहगीरों का आवागमन बना रहता है। वहीं पढ़ाई की खातिर स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। इसी सड़क मार्ग पर ईवनिंग मोर्निंग वाकिंग के चलते महिलाओं सहित युवाओं को योगाभ्यास करते हुए देखा जा सकता है। घुमावदार मोड़ पर बिलायिती बबूल और अधिक परेशानी का सबब बन जाते हैं। पूर्व में भी इस सड़क मार्ग पर बिलायिती बबूलों से दुर्घटना होते होते बची। बिलायिती बबूलों एवं कंटीली झाड़ियों को कटवाने को लेकर गांव नगला जनूथर निवासी रत्न सिंह बिजेंद्र जाट ने 181पर परिवाद भी दर्ज करवाया हुआ है ताकि संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। बाबजूद इसके हालात जस के तस बने हुए हैं। इस सड़क मार्ग पर बिलायिती बबूल तो एक बानगी मात्र है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

भरतपुर (निस)। भारत विकास परिषद की लोहागढ़ शाखा द्वारा 6 अगस्त, मंगलवार को प्रात: नीमदा गेट के पास स्थित स्काई लार्क सोलर ऑफिस परिसर में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर

> ■ इस शिविर में 105 लोगों का पंजीयन उपरांत स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उनकी ब्लड शुगर, हायपरटेंशन, सहित कई अन्य जांच नि:शुल्क की गई।

में आरबीएम हॉस्पिटल, भरतपुर के फिजीशियन डॉ धीरज बंसल द्वारा चिकित्सकीय परामर्शदाता के रूप में अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की गई। इस शिविर में 105 लोगों का पंजीयन उपरांत स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार उनकी ब्लड शुगर, हायपरटेंशन, इकोकार्डियोग्राफी, अस्थमा (स्पायरोमीटरी), बीएमआई, सहित कई अन्य जांच नि:शुल्क की गई। थायरॉइड की जांच के लिए रक्त का नमूना शिविर स्थल पर ही इकट्ठा कर उसकी नि:शुल्क जांच की व्यवस्था

स्काई लार्क सोलर ऑफिस परिसर में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

परिषद की तरफ से की गई थी। इस शिविर में कुछ संदेहास्पद रोगी मच्छर जनित व मौसमी बीमारियों के भी पाए गए जिनको चिकित्सक द्वारा आगे संबंधित रक्त जांच की सलाह देते हुए आवश्यक दवाइयां लिखी गईं।

कुछ मरीजों ने सामान्य सीढियां चढ़ने पर भी दम फूलने की शिकायत बताई तो शिविर में मौके पर ही मेडिकल स्टाफ के सदस्य हरीश शर्मा द्वारा उनकी स्पायरोमीटरी जांच कर उनके फेफड़ों की मजबूती का सटीक आंकलन किया। कमजोर फेफड़े वाले रोगियों को दैनिक क्रिया कलापों में उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए चिकित्सक ने फेफड़ों की मजबूती वाले व्यायाम बताते हुए दवाई संबंधी उचित परामर्श प्रदान किया।

इस मौके पर शाखा अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, सचिव अरविंद सिंह चौहान, कार्यक्रम संयोजक गोरधन गुप्ता, शाखा संरक्षक अनिल लोहिया, पूर्व अध्यक्ष सरोज लोहिया, उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, खुशी गुप्ता, वीनू सिंह, इंदु गुप्ता, संजय खंडेलवाल, जीएल गुप्ता, पवन मेठी, दिनेश पीतलिया, सुनीता मेठी, निशा खंडेलवाल, मनीषा शर्मा, जितेंद्र जैन, प्रवीण खंडेलवाल, रोहित खंडेलवाल, विष्णु खंडेलवाल सहित अनेकों सदस्य सहयोग हेतु उपस्थित रहे।

विचार गोष्ठी का आयोजन

भुसावर (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 6 अगस्त मंगलवार को हिरोशिमा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने कहा कि हिरोशिमा दिवस द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई एक विनाशकारी घटना की वर्षगांठ का प्रतीक है, जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापानी शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इस दुखद बमबारी के परिणाम स्वरूप् भारी विनाश हुआ, जिसमें हजारों लोग तुरंत मर गये, कई अन्य लोग चोटो और विकिरण के कारण लम्बे समय तक पीड़ित रहे। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि परमाणु बम सम्पूर्ण पृथ्वी गृह के जीवन अस्तित्व को मिटाने की ताकत रखता है, इससे न केवल मानव मात्र को जान का खतरा है बल्कि बचे हुए लोग भी शारीरिक व मानसिक रूप से विकृत हो जाते है व उनकी संतान भी विकृत पैदा होती है। अत: हमें सम्पूर्ण विश्व भर में जागरूकता अभियान चलाकर जन मानस को परमाणु हथियार के खिलाफ खड़ा करना होगा। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि वर्तमान में हुई बांग्लादेश की घटना में वहां की राष्ट्रपति शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा। यदि ऐसी घटना परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र में हो जाये तथा परमाणु हथियार जन समूह अथवा आतंकवादियों के हाथ लग जाये तो वे सम्पूर्ण विश्व में तबाही मचा सकते है। अत: हमें परमाणु हथियार बनाने व उनके उपयोग पर भी पाबंदी लगानी होगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग करेगा प्रथम व द्वितीय किश्त का भुगतान

करौली (नि.स.)। गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण की चिंता अब माता-पिता को करने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि यह जिम्मेदारी अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने मजबूत कंधों पर उठा ली है। बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ ही जन्म से लेकर उनके वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने लेखानुदान घोषणा 2024-25 के बिन्दु संख्या 34 में लाडो प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीना ने बताया कि यह योजना 01 अगस्त से संपूर्ण प्रदेश में शुरू हो गई है इस अभिनव योजना में बालिकाओं को जन्म से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट है, गरीब परिवार में जन्म लेने वाली बालिकाओं के पालन-पोषण के साथ ही उनके लिए बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं सुनिश्चित करना। बालिका की किलकारी गुंजने पर अक्सर मां-बाप के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगती है। जन्म के साथ ही उसके लालन-पालन और भविष्य के खर्चो की चिंता हो जाती है। इन चिंताओं की वजह से ही बालिका जन्म को बढ़ावा नहीं मिलता और बालिका लिंगानुपात घटता है। इन सारी चिंताओं को दूर करने के लिए ही लाडो प्रोत्साहन योजना लाए हैं। योजना से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलेगा और मातृ मृत्यु दर के साथ ही बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। साथ ही घटते लिंगानुपात में भी सुधार ला सकेंगे। बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव भी बढ़ेगा। माता.पिता उनकी पढ़ाई जल्दी नहीं छुडवाएंगे, जल्दी शादी नहीं करवाएंगे जिससे बाल विवाह में कमी लाने में भी मदद मिलेगी। इस योजना में बालिका के जन्म पर 01 लाख रूपए राशि का संकल्प पत्र प्रदान किया जाएगा। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक राशि का भुगतान 7 किश्तों में डीबीटी के माध्यम में ऑनलाईन किया जाएगा।

पहली छह किश्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7 वीं किश्त बालिका के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाईन हस्तांतरित की जाएगी। राजश्री योजना को लाडो प्रोत्साहन योजना में समाहित करते हुए इस योजना की आगामी किश्तों का लाभ पात्रतानुसार लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत देय होगा।पात्र चिकित्सा संस्थानों में संस्थागत प्रसव के तहत बालिका का जन्म होने पर पहली किश्त 2500 रूपये, आयु एक वर्ष एवं समस्त टीकाकरण होने पर दूसरी किश्त 2500 रूपये, राजकीय विद्यालय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप